*संपादकीय*

# एआई से उथल-पुथल

**फिलहाल यही कहा जा सकता है कि एआई से वैसी ही चिंताएं पैदा हुई हैं, जैसा हर नई तकनीक के साथ होता रहा है। अनुभव यही है कि मनुष्य आखिरकार तकनीक का इस्तेमाल करना और उसे नियंत्रित रखना भी सीख लेता है।**

**आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की दुनिया में हाल में हुई प्रगति उथल-पुथल मचा दी है। अभी अमेरिका में विकसित हुए चेटजीपीटी के करिश्माई कार्यों से लोग एडजस्ट भी नहीं कर पाए हैं कि अमेरिकी कंपनी ने माइक्रोसॉफ्ट ने आगाह कर दिया है कि चीन में उसे टक्कर देने वाले ऐप आने वाले हैं। अमेरिका में सामने आई चैटजीपीटी, स्टेबल डिफ्यूजन या आइवा जैसी एआई प्रणालियां लोगों के मनमुताबिक टेक्स्ट लिख डालते हैं, मनमुताबिक छवियां गढ़ देते हैं या संगीत की रचना कर लेते हैं। और ये सब काम चुटकियों में हो जाता है। काम इतना विस्तृत और मुकम्मल होता है कि लोग दांतों तले अंगुलियां दबा लेते हैं। विशेषज्ञों ने कहा है कि एआई के आने के बाद वे रचनात्मक सेवाएं अब बड़े पैमाने पर तैयार की जा सकती हैं, जो पहले आला दर्जे के विशेषज्ञ ही मुहैया करा पाते थे। हाल में जर्मन क्रिएटिव इंडस्ट्री से जुड़े 15 संगठनों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विषय पर "एआई बट फेयर" नारे के तहत एक पॉलिसी पेपर प्रकाशित किया है। पर्चे में कहा गया है कि कॉपीराइट कानून को अविलंब मजबूत बनाने की जरूरत है, ताकि रचनाशील पेशेवरों को अपनी मेहनत का इनाम मिलता रह सके।**

**दरअसल, अल्गोरिद्म आधारित एआई सिस्टम मुनासिब प्रशिक्षण सामग्री के बिना टेक्स्ट, छवियां या संगीत नहीं तैयार कर सकते हैं। बहरहाल, इस बारे में अब कानून बनाने की मांग भी उठने लगी है। व्यवहारिक तौर पर कमोबेश सभी यही मानते हैं कि कानूनों के बगैर तो एआई के प्रभावों को नियंत्रित करना कठिन है। यूरोपीय आयोग की एक पहल की है, जिसमें स्वचालित निर्णय करने वाली प्रणालियों को रेगुलेट किया जाना है। यूरोपीय संघ के प्रस्ताव में उन हाई-रिस्क एप्लीकेशनों की सूची शामिल है, जिन्हें चालू करने से पहले मंजूरी की जरूरत होगी। उदाहरण के लिए, सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की शिनाख्त के लिए बायोमीट्रिक सिस्टम का रियल-टाइम उपयोग कुछ अपवादों तक सीमित रखना होगा, मसलन आतंकवाद से लड़ाई के लिए। बहरहाल, फिलहाल यही कहा जा सकता है कि एआई से वैसी ही चिंताएं पैदा हुई हैं, जैसा हर नई तकनीक के साथ होता रहा है। अनुभव यही है कि मनुष्य आखिरकार तकनीक का इस्तेमाल करना और उसे नियंत्रित रखना भी सीख लेता है।**

# ब्याज दर पर फेडरल रिजर्व के निर्णय, तिमाही आंकड़ों से तय होगी बाजार की दिशा



**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय, कंपनियों के तिमाही नतीजों और घरेलू मोर्चे पर वृहद आर्थिक आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे. विश्लेषकों ने यह राय जताई है. इसके अलावा विदेशी कोषों की गतिविधियां, वाहन बिक्री के मासिक आंकड़े और वैश्विक रुख से भी बाजार का रुख निर्धारित होगा. सोमवार को महाराष्ट्र दिवस पर शेयर बाजार में अवकाश रहेगा. स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक प्रवेश गौड़ ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अब भी ब्याज दरों में वृद्धि और मंदी के बीच उलझी हुई है. सभी की निगाह फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के नतीजे पर है जिसकी घोषणा तीन मई को होगी. यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) चार मई को ब्याज दर पर निर्णय की घोषणा करेगा. निकट भविष्य में वृहद आर्थिक आंकड़ों की वजह से बाजार का रुख कमजोर रह सकता है.

उन्होंने कहा कि भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से लगातार निवेश आ रहा है. शुक्रवार को उन्होंने 3,304 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड लिवाली की, जो भारतीय बाजार के प्रति उनके भरोसे को दर्शाता है. उन्होंने कहा कि इस सप्ताह घरेलू बाजार के लिए कंपनियों के चौथी तिमाही के परिणाम, वाहन बिक्री के आंकड़े महत्वपूर्ण रहेंगे. सप्ताह के दौरान निफ्टी 50 की कंपनियों...टाटा स्टील, टाइटन, हीरो मोटोकॉर्प और एचडीएफसी लिमिटेड के तिमाही नतीजे आएंगे.

इसके अलावा सप्ताह के दौरान अडाणी ग्रीन एनर्जी, अंबुजा सीमेंट्स, टाटा स्टील, यूको बैंक, अडाणी एंटरप्राइजेज, भारत फोर्ज और फेडरल बैंक के वित्तीय परिणाम भी आने हैं. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार में खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) के आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे. विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़ों से बाजार की दिशा तय होगी. कोटक सिक्योरिटीज लि. के तकनीकी विश्लेषक (डीवीपी) अमोल अठावले ने कहा कि एफआईआई की लिवाली, उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से पिछले कुछ सत्रों में बाजार में तेज रही है. आगे चलकर इसकी वजह से मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है. बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,457.38 या 2.44 प्रतिशत के लाभ में रहा.

# कॉकपिट में महिला : डीजीसीए ने एयर इंडिया के सीईओ , उड़ान सुरक्षा प्रमुख को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विमानन नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन को दुबई-दिल्ली उड़ान को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस उड़ान के पायलटों ने कॉकपिट में एक महिला मित्र को आने दिया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जांच में देरी करने और संबंधित प्राधिकरण को रिपोर्ट नहीं करने के लिए उड़ान सुरक्षा प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

डीजीसीए के सूत्रों ने कहा कि सीईओ और उड़ान सुरक्षा प्रमुख दोनों को कारण बताओ नोटिस का जवाब देना है। इससे पहले, फ्लाइट के एक केबिन क्रू मेंबर ने पायलट द्वारा महिला मित्र को कॉकपिट में जाने की अनुमति देने के बारे में डीजीसीए में शिकायत दर्ज कराई थी। घटना 27 फरवरी की है।

डीजीसीए को घटना की समय पर रिपोर्ट नहीं करने के लिए 21 अप्रैल को एयर इंडिया के सीईओ और उड़ान सुरक्षा प्रमुख को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। अधिकारी ने कहा कि दोनों अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

एयर इंडिया की ओर से तत्काल कोई बयान नहीं आया है। इस महीने की शुरूआत में, डीजीसीए ने एयर इंडिया को दुबई-दिल्ली उड़ान के पूरे चालक दल को जांच पूरी होने तक हटाने का निर्देश दिया था। 21 अप्रैल को एयरलाइन ने कहा कि उसने रिपोर्ट की गई घटना को गंभीरता से लिया है और जांच चल रही है।

# अदिति एलए चैंपियनशिप के तीसरे दौर के बाद पांचवें स्थान पर



**लॉस एंजिलिस।** भारत की अदिति अशोक तीसरे दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद एलए चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गई।

पहले दो दौर में 66 और 70 के स्कोर के साथ शीर्ष पर चल रही अदिति ने तीसरे दौर में एक ओवर 72 का स्कोर बनाया। भारतीय खिलाड़ी का कुल स्कोर पांच अंडर है और वह शीर्ष पर चल रही चेयेनी नाइट से चार शॉट पीछे हैं।

नाइट ने तीसरे दौर में बोगी रहित चार अंडर 67 का स्कोर बनाया। उन्होंने नौ अंडर 204 के कुल स्कोर के साथ दो शॉट की बढ़त बना रखी है।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.84 लाख करोड़ रु. बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 1,84,225.43 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई. सबसे अधिक लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को हुआ. बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,457.38 अंक या 2.44 प्रतिशत चढ़ा. सेंसेक्स की कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई.

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 48,238.78 करोड़ रुपये बढ़कर 16,37,408.27 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार मूल्यांकन 31,325.39 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,15,887.19 करोड़ रुपये रहा. आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 23,472.25 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,40,949.71 करोड़ रुपये रहा. आईटीसी की बाजार हैसियत 21,003.35 करोड़ रुपये बढ़कर 5,28,377.17 करोड़ रुपये रही.

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 19,886.94 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 11,76,750.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 18,874.22 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,45,509.68 करोड़ रुपये रहा. इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 10,447.1 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,19,662.10 करोड़ रुपये रहा. एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 8,115.33 करोड़ रुपये का उछाल आया और यह 9,42,052.68 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. एचडीएफसी की बाजार हैसियत 2,862.07 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 5,09,126.31 करोड़ रुपये रही.

इस रुख के उलट हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 10,244.22 करोड़ रुपये घटकर 5,76,683.68 करोड़ रुपये रह गई. शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही. उसके बाद क्रमश: टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, इन्फोसिस, एसबीआई, एचडीएफसी और भारती एयरटेल का स्थान रहा.

# अभिषेक के हरफनमौला खेल से सनराइजर्स हैदराबाद ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया


**नई दिल्ली।** अभिषेक शर्मा के हरफनमौला खेल और आखिरी ओवरों में हेनरिच क्लासेन की आक्रामक बल्लेबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में शनिवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को नौ रन से शिकस्त दी. सलामी बल्लेबाज अभिषेक की 36 गेंद में 67 रन और क्लासेन की 27 गेंद में नाबाद 53 रन की पारी के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 197 रन बनाये जो मौजूदा सत्र में इस मैदान का सर्वोच्च स्कोर है. टीम के लिए अब्दुल समद ने 21 गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 28 रन बनाये .

दिल्ली की टीम के लिए मिशेल मार्श का हरफनमौला खेल और फिल साल्ट के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 गेंद में 112 रन की साझेदारी नाकाफी साबित हुई और टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 188 रन ही बना सकी. मार्श ने चार ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटकने के बाद 39 गेंद में एक चौका और छक्के की मदद से 63 रन बनाये. साल्ट ने 35 गेंद में 59 रन की पारी में नौ चौके जड़े. आखिरी ओवरों में अक्षर पटेल ने 14 गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से नाबाद 29 रन की पारी खेली. इस जीत के साथ ही सनराइजर्स हैदराबाद ने 24 अप्रैल को इस टीम से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया. हैदराबाद के लिए यह आठ मैचों में तीसरी जीत है जबकि दिल्ली के लिए आठ मैचों में यह छठी हार है.

सनराइजर्स के लिए मयंक मार्कंडेय ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाये. भुवनेश्वर कुमार , अकील हुसैन, टी नटराजन और अभिषेक शर्मा को एक-एक सफलता मिली. लक्ष्य का बचाव करते हुए भुवनेश्वर ने पारी की दूसरी ही गेंद पर डेविड वार्नर को बोल्ड कर सनराइजर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन फिल साल्ट ने शुरुआती तीन ओवरों में तीन चौके लगाये. दूसरे छोर से मार्श ने अकील हुसैन और फिर टी नटराजन के खिलाफ छक्का जड़ा. पावरप्ले के बाद दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 57 रन था. सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आये उमरान मलिक का स्वागत साल्ट ने चौके से किया फिर मार्श ने दो छक्के लगाये और आखिरी गेंद पर साल्ट ने एक और चौका लगाकर ओवर से 22 रन बटोरे.

मार्श ने नौवें ओवर में बायें हाथ के कामचलाऊ गेंदबाज अभिषेक के खिलाफ लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाया. अगले ओवर में मयंक मार्कंडेय पर चौके के साथ साल्ट ने 29 गेंद में आईपीएल का अपना पहला अर्धशतक और मार्श के साथ 54 गेंद में शतकीय साझेदारी पूरी की.

# अरबों डॉलर की पाकिस्तान एक्सप्रेसवे परियोजना से पीछे हट गया एडीबी




**इस्लामाबाद।** एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) ने पाकिस्तान में मालिर एक्सप्रेसवे परियोजना से अपना हाथ पीछे खींच लिया है। इसे अपनी प्राथमिकता सूची से हटा दिया है। मीडिया ने यह जानकारी दी। एडवोकेट अबीरा अशफाक को लिखे एक पत्र में एडीबी कार्यालय ने कहा कि मलिर एक्सप्रेसवे परियोजना अब एडीबी-सहायता प्राप्त परियोजना नहीं है।

15 अप्रैल को सिंध पर्यावरण संरक्षण ट्रिब्यूनल में परियोजना के खिलाफ याचिका हारने के बाद यह घटनाक्रम किसानों के लिए जीत के रूप में आया।

न्यायाधिकरण ने सिंध पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (सेपा) द्वारा मालिर एक्सप्रेसवे परियोजना को दी गई पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) की मंजूरी को चुनौती देने वाली याचिका का निस्तारण कर दिया था।

इसने परियोजना की अनुमति दी, लेकिन सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए एक समिति गठित करने का आदेश दिया कि परियोजना के कारण कोई पर्यावरणीय क्षति न हो।

मलीर के स्वदेशी किसानों ने 22 सितंबर, 2022 को अबीरा की मदद से परियोजना के खिलाफ एडीबी के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी, इसके बाद ऋणदाता ने अक्टूबर में वकील और अन्य लोगों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की।

उसी महीने, फिलीपींस की एक एडीबी टीम ने पाकिस्तान की अपनी निवासी टीम के साथ कराची का दौरा किया और न्यायाधिकरण में एक्सप्रेसवे के खिलाफ मुकदमा लड़ रहे अधिवक्ता जुबैर अब्रो, शोधकर्ता साद्या सिद्दीकी और स्थानीय निवासी सलमान बलूच से मुलाकात की।

नवंबर में, एडीबी ने अपने उत्तरदायित्व तंत्र के हिस्से के रूप में, अबीरा और किसान की शिकायतों को और सुना।

# सेहत के लिए बहुत लाभकारी है रोजाना एक चम्मच सौंफ का सेवन, मिलेंगे ये फायदे



सौंफ का इस्तेमाल हर भारतीय घर में किया जाता हैं। चाहे खाना बनाना हो या भोजन करने के बाद मुखवास खाना हो दोनों जगह सौंफ को शामिल किया जाता हैं। सौंफ का सेवन मुख्यतया मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए किया जाता हैं। लेकिन इसी के साथ ही औषधि के तौर पर भी सौंफ का सेवन किया जाता हैं। सौंफ जरूरी विटामिन, पोषक तत्वों और खनिजों जैसे विटामिन सी, विटामिन ए, फाइबर, पोटेशियम, मैंगनीज, जिंक, आयरन और कैल्शियम का भंडार है। इसमें एंटीऑक्सिडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी और जीवाणुरोधी गुण होते हैं जो सेहत की कई समस्याओं को दूर करते हैं। आज इस कड़ी में हम आपको बताने जा रहे हैं कि रोजाना एक चम्मच सौंफ का सेवन करने से आपकी सेहत को क्या फायदे मिलेंगे। आइये जानें इसके बारे में...

**पेट की समस्याओं में मिलेगा आराम-** सौंफ के बीज को कब्ज, पेट के सूजन और अपच को ठीक करने के लिए वर्षों से प्रयोग में लाया जाता रहा है। गर्मियों में सौंफ की ठंडाई पेट को ठंडक देने के साथ पेट फूलने और अपच की समस्या में काफी लाभदायक मानी जाती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सौंफ में एनेथोल, फेनचोन और एस्ट्रैगोल जैसे आवश्यक तत्व होते हैं जो एंटी-इंफ्लामेटरी और एंटीस्पास्मोडिक गुणों के लिए जाने जाते हैं। पाचन तंत्र को मजबूत बनाए रखने के लिए भोजन के बाद एक चुटकी सौंफ का सेवन करना फायदेमंद माना जाता है।

**कंट्रोल में रहता है कोलेस्ट्रॉल -** सौंफ में फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। फाइबर रिच फूड्स खाने से कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का भी कहना है कि फाइबर युक्त चीजों के सेवन से वेट और कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रह सकता है। फाइबर, रक्त में कोलेस्ट्रॉल को घुलने नहीं देता है। इससे हृदय भी स्वस्थ रहता है।

**वजन कम करने में मददगार -** एक हेल्दी डाइट के अलावा आप वजन कम करने के लिए सौंफ के बीज का उपयोग कर सकते हैं। सबसे पहले पाचन प्रक्रिया को सुगम बनाकर, सौंफ के बीज शरीर के मेटाबॉलिज्म को बढ़ाते हैं जो फैट बर्न करने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए सबसे जरूरी है। फाइबर का एक समृद्ध स्रोत होने के कारण सौंफ के बीज तृप्ति प्रदान करते हैं और भूख को कम करते हैं। सौंफ के बीज विषाक्त पदार्थों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को बाहर निकालने में आपकी मदद करते हैं।

**आंखों के लिए फायदेमंद -** आंखों की छोटी-मोटी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में भी सौंफ काफी कारगर साबित हो सकती है। अगर किसी की आंखों में जलन या फिर खुजली हो रही है, तो सौंफ की भाप आंखों पर लेने से राहत मिल सकती है। इसके लिए सौंफ को सूती कपड़े में लपेटकर हल्का गर्म करके आंखों को सेंक सकते हैं। ध्यान रहे कि यह अधिक गर्म न हो। आंखों की रोशनी बढ़ाने में विटामिन-ए और विटामिन-सी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सौंफ में विटामिन-ए पाया जाता है। इस प्रकार सौंफ के सेवन से बढ़ती उम्र में भी आपकी आंखों की रोशनी प्रभावित होने से बच सकती है।

**ब्लड प्रेशर को करें नियंत्रित -** सौंफ में पोटेशियम भरपूर होता है जो रक्तप्रवाह में फ्लूइड की मात्रा को नियंत्रित करता है। यही आपकी हृदय गति और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। एक अध्ययन के अनुसार सौंफ लार में नाइट्राइट के स्तर को बढ़ाती है। नाइट्राइट एक नेचुरल इंग्रेडिएंट्स है जो ब्लड प्रेशर के लेवल को कंट्रोल में रखता है। सौंफ के सेवन से महिलाओं में हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम हो सकता है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की नई रिलीज डेट जारी




हिंदी सिनेमा के दमदार कलाकारों की बात की जाए तो उसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा का नाम जरूर शामिल होगा. आने वाले समय में सिद्धार्थ फिल्म योद्धा में नजर आएंगे. बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर करण जौहर के प्रोडेक्शन हाउस धर्मा प्रोडेक्शन तले फिल्म योद्धा बनी है. इस बीच अब सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है. योद्धा की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है.

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर योद्धा की नई रिलीज डेट को लेकर मशहूर फिल्म क्रिटिक्स तरण आदर्श ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है. तरण के मुताबिक सिद्धार्थ की योद्धा अब इसी साल 15 सितंबर 2023 को रिलीज होगी. इस फिल्म में बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा, बी टाउन एक्ट्रेस दिशा पाटनी और राशि खन्ना लीड रोल में मौजूद हैं. धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनी योद्धा का डायरेक्शन मशहूर निर्देशक सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा ने किया है.

## शब्द सामर्थ्य- 50

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा–जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने–पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 50

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.049 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। स्वास्थ्य सुधार होगा , व्यवसाय में नए अनुबंध लाभदायक रहेंगे। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, संतान की चिंता रहेगी। नई योजना बनेगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। विवाद से बचें। गुस्सा नियन्त्रित रखें व स्वयं के लिए समय निकाले।

***वृष :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। धार्मिक यात्रा संभव है। राजकीय बाधा दूर होगी। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा, भागदौड़ अधिक रहेगी। बचत लाभकारी रहेगी।

***मिथुन :*** आज आप स्वयं के लिए समय अवश्य निकाले। हर किसी पर बहुत जल्दी विश्वास न करें। अपने राज दूसरों को न बताएँ। पुराना रोग से सावधान रहें। वाणी पर नियंत्रण रखें। शारीरीक हानि आदि से बचें, जोखिम ना उठाएं।

***कर्क :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। लंबे समय से चली आ रही परिवार की समस्या दूर होगी। गृहस्थ सुख मिलेगा। बाहरी सहयोग से कार्यसिद्धि होगी। अज्ञात भय से चिंता रहेगी।

***सिंह :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। मन अनुकूल काम न होने से परेशानी बढ़ सकती है। तनाव तथा चिंता वृद्धि होगी। संपत्ति के कार्य से लाभ होगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा होगी।

***कन्या :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। जो लोग आपके कार्य में अवरोध पैदा कर रहे थे, वे अब खुद आप के कार्य की प्रशंसा करेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल होंगे।

***तुला :*** आज आपका दिन स्वयं के अनुसार चलेगा। अपने विवेक से रुके काम पूरे करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शारीरिक पीड़ा संभव है। चिंता, तनाव व भय का वातावरण बनेगा। दु:खद समाचार मिल सकता है। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में प्रयास सफल होंगे। घर-बाहर पूछ-ताछ रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी, जोखिम ना लें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

***धनु :*** आपके पास समय का अभाव रहता है इसलिए समय से अपने काम को करना सीखें। जीवनसाथी की चिंता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। धनलाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा, जोखिम ना लें। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

***मकर :*** आज आपका दिन सही रहेगा । व्यवसाय में उन्नतिप्रद अवसर आयेंगे। अचानक लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। चिंता रहेगी। न्यायपक्ष मजबूत होगा। स्वास्थ्य बेहतर होगा।

***कुंभ :*** आज आप व्यस्त रहेंगे ।न चाहते हुए भी आप को दूसरों के लिए काम करना होगा। विवाद आदि से सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। फालतू खर्च बढ़ेंगे। तनाव व चिंता का माहौल रहेगा। जीवनसाथी सहयोग कर पाएगा। स्वास्थ्य लाभ होगा।

***मीन :*** अपने स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। आप जो सोचते हैं, वो तो करते नहीं है और दूसरे लोगों की बातों पर जल्द विश्वास करते हैं। स्वविवेक से सोचे। बकाया वसूली होगी। धार्मिक विचारधारा मजबूत होगी।